**खास-खबरें**

## वेदांत आश्रम के बटुकों का हुआ, जनेऊ संस्कार कार्यक्रम

**गंजबासौदा।** श्रीमद् जगद्गुरु अनंतानन्दद्वाराचार्य स्वामी डॉक्टर रामकमल दास वेदांती द्वारा स्थापित संत श्री जगन्नाथ दास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीवाजीपुर वेदांत आश्रम गंजबासौदा में सोमवार को प्रतिवर्ष अनुसार ब्राह्मण बालको के उपनयन संस्कार हुए गायत्री मंत्र की दीक्षा प्रदान की। इस अवसर पर आश्रम के प्राचार्य बाबूसिंह रघुवंशी व शिक्षक गण व भक्तगण मौजूद रहें। इस अवसर पर आश्रम के महंत हरिहरदास जी ने बच्चों को संस्कार का महत्व बताते हुए कहा कि इस संस्कार के बाद वेद पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है एवं जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा जाग्रत होती है। संस्कारों के बिना हम अपनी संस्कृति की रक्षा नहीं कर शंसकतें। इसलिए गुरुकुलों में सनातन धर्म को बचाने के लिए बच्चों को संस्कार किया जाता है। यह संस्कार का व्यक्ति के मन दूषित वृतियों को सुधारने कार्य करता है। संस्कारों के बिना पशु तुल्य माना जाता है। इसलिए गुरुकुल में सनातन धर्म की रक्षा के लिए बच्चों को संस्कार दिया जाता है। जीवन में संपत्ति से अधिक संस्कार जरूरी है।

## एसबीआई बैंक शाखाओं का संचालन समय परिवर्तित

**विदिशा ( निप्र )।** लीड़ बैंक आफिसर भगवान सिंह बघेल ने जिले के सभी बैंक खाताधारक को सूचित किया है कि भारतीय स्टेट बैंक की विदिशा जिले में स्थित समस्त शाखाओं का व्यवसाय समय एकीकृत किया जा रहा है। तदानुसार 12 अगस्त से समस्त शाखाओं का व्यवसाय समय प्रात: 10 बजे से सायंकाल 4 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## वीयू में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस का आयोजन

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अन्तर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस 2024 का आयोजन *माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष 10 जुलाई को मनाया जाता है ,कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ, जिसमें प्रथम चरण में मत्स्य किसान संगोष्ठी का आयोजन तथा मत्स्य कृषकों के संबंधित विषय से प्रश्नों का निदान भी किया गया, कार्यक्रम में *विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी परियोजना जबलपुर मध्य प्रदेश श्री एस एस धाकड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता *अधिष्ठाता डा एसके महाजन जी द्वारा की गई,* कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ जी पी लखानी, सम्पदा अधिकारी डा एस करमोरे तथा डॉ नरेन्द्र राठौड़ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संयोजन मत्स्य प्रक्षेत्र प्रभारी डा सोना दुबे एवम् समन्वयन श्री शिवमोहन सिंह एवम् श्री प्रतीक कुमार तिवारी द्वारा किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों द्वारा अलंकृत मछलियों को दाना देकर की गई।

# अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन द्वारा 27 कॉलोनियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई

**सीहोर।**



अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। सीहोर नगरीय सीमा में बिना किसी सक्षम अनुमति के विकसित की जा रही 27 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इन अवैध कालोनियों में प्लाट, मकान की खरीदी-बिक्री और नामान्तरण पर कलेक्टर श्री सिंह ने रोक लगा दी है। इन कॉलोनियां में रहवासियों के लिए मूलभूत सुविधाएं और सक्षम अनुमतियां नहीं है।

कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर सीहोर नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत 27 अवैध कॉलोनियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। इनमें 9 अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कलेक्टर प्रवीण सिंह ने दंडात्मक कार्रवाई के आदेश दिए है। शेष 18 कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई प्रक्रिया में हैं। इन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ मध्यप्रदेश नगर पालिका नियम (कॉलोनी विकास) 22(3) के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जिले भर में अवैध कॉलोनियां चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

इन 9 कॉलोनाइजर के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई के आदेश

कलेक्टर प्रवीण सिंह सीहोर नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत 9 अवैध कालोनियों के कॉलोनाइजर/भू-स्वामियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इन अवैध कॉलोनाइजर/भू-स्वामियों में कमला देवी पत्नी किशोरी लाल शमशान घाट के पास कस्बा सीहोर क्षेत्रफल 1.093 हेक्टेयर, अनिता राय पत्नी मनोहर राय निवासी कस्बा सीहोर क्षेत्रफल 0.334 हेक्टेयर, नफीस खान आ0 मोहम्मद खान निवासी कस्बा सीहोर क्षेत्रफल 0.203 हेक्टेयर, शावेजसिकी आ0 खलील अहमद निवासी कस्बा सीहोर क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर, बनेसिंह आ रामबगस निवासी अल्हादाखेडी क्षेत्रफल 1.091 हेक्टेयर, करण सिंह आ0 रामबगस निवासी अल्हादाखेडी क्षेत्रफल 0.663 हेक्टेयर, रतन सिंह आ0 उंकारसिंह निवासी दांगी स्टेट सीहोर क्षेत्रफल 0,356 हेक्टेयर, अनीता राठौर आ0 संजय राठौर निवासी भोपाल नाका सीहोर क्षेत्रफल 0.815 हेक्टेयर, मोहन, लक्ष्मीनारायण आ0 प्रेमचंद निवासी मुरली सीहोर क्षेत्रफल 1.011 हेक्टेयर के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई के आदेश दिए गए।

इन 18 कॉलोनाईजर के खिलाफ कार्रवाई चल रही है ⁼ कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर इन 18 कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई चल रही हैं। श्यामा पंसारी पति विनोद पंसारी ग्वालटोली सीहोर क्षेत्रफल 0.648, हुण्डेत एज्युकेशन सोसायटी द्वारा शरद हुण्डेत क्षेत्रफल 0.263 हेक्टेयर, रजनी राठौर पति पुनीत राठौर क्षेत्रफल 0.263 हेक्टेयर, देवेन्द्र आ0 नारायण सिंह निवासी ग्वालटोली सीहोर क्षेत्रफल 0.263 हेक्टेयर, लक्ष्मीनारायण आ0 मनीराम निवासी ग्वालटोली सीहोर क्षेत्रफल 0.263 हेक्टेयर, शांता बाई पति गोपीलाल यादव निवासी ग्वालटोली सीहोर 0.726 हेक्टेयर, कलावती पत्नी राजेन्द्र फरेला निवासी फरेला कॉलोनी सीहोर क्षेत्रफल 0.200 हेक्टेयर, रोहित महाजन आ0 विजय कुमार महाजन निवासी छावनी सीहोर क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर, दिनेश राठौर आ0 सुखराम राठौर निवासी ग्वालटोली सीहोर 0.890 हेक्टेयर, रोमी आहूजा पति इंद्र कुमार निवासी भोपाल क्षेत्रफल 0.356 हेक्टेयर, राजू सत्येंद्र राठौर आ0 जमनास प्रसाद निवासी गंज सीहोर क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर, रवि यादव आ0 बंशीलाल यादव निवासी ग्वालटोली सीहोर क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर, शांतिदेवी पत्नि घनश्याम दास अग्रवाल निवासी छावनी सीहोर क्षेत्रफल 1.222 हेक्टेयर, रामप्यारी बाईपत्नि लक्ष्मण सिंह निवासी इंग्लिशपुरा सीहोर क्षेत्रफल 0.987 हेक्टेयर, मे0शाहिद आ0 सलाम निवासी गाडीअड्डा सीहोर क्षेत्रफल 0.446 हेक्टेयर, देवेन्द्र सिंह चौहान आ0 2.398 हेक्टेयर, चरन सिंह चौहान निवासी देवेन्द्र नगर कॉलोनी सीहोर क्षेत्रफल 2.398 देवेन्द्र सिंह चौहान आ0 चरन सिंह चौहान निवासी देवेन्द्र नगर कॉलोनी सीहोर क्षेत्रफल 0.890, लालीमारन आ0 हरीश निवासी रातीबड भोपाल 1.841 हेक्टेयर, के विरूद्ध कार्यवाही चल रही है।

**अवैध कॉलोनियों में प्लॉट-मकान नहीं खरीदने की अपील:** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे सस्ते दर पर प्लाट- मकान के लालच में अवैध कालोनियों में प्लाट या मकान नहीं खरीदें। जब भी वे किसी कालोनी में प्लाट या घर खरीदें तो पहले कालोनाईजर का वैधानिक रजिस्ट्रेशन तथा उसके द्वारा जो कालोनी विकसित की जा रही है। उसकी समस्त शासकीय अनुमतियाँ उसके पास हो। नागरिकों से अपील है कि वे जिस कालोनी प्लाट या मकान खरीदना चाहते है उस कालोनी से संबंधित दस्तावेजों की अच्छी तरह जाँच-पड़तल करने बाद ही खरीदने का निर्णय लें। इसके साथ ही यह भी देखें कि रहवासियों के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं या नहीं। कई बार अवैध कालोनियों में मकान बनाकर अनेक परेषानियों का सामना करना पड़ता है।

## एक पौधा माँ के नाम अभियान अंतर्गत जिपं सीईओ ने किया पौधरोपण



**विदिशा (निप्र)।**

अंकुर अभियान एवं ''एक पौधा माँ के नाम'' अभियान अंतर्गत जिले में जारी वृहद पौधरोपण अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने ग्राम डंगरवाड़ा पहुंचकर पीएम जनमन आवास योजना से लाभांवित हितग्राहियों के आवास परिसर में पौधरोपण में सहभागिता की। इस अवसर पर लाभान्वित हितग्राहियों सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने आम सहित अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए और उन्हें संरक्षित करने का आह्वान किया। हितग्राहियों ने स्वयं अपने आवासों के परिसर में पौधे लगाए हैं और उन्हें वट वृक्ष बन जाने तक संरक्षित रखने का संकल्प भी लिया है। शासकीय स्कूल परिसर में भी पौधारोपण किया गया। वहीं, जनपद पंचायत नटेरन के सीएचसी सेंटर परियोजना क्रमांक एक वाटरशेड समिति हड़ा में भी पौधरोपण किया गया। वहीं, ग्राम पंचायत चिड़ोरिया में हितग्राही के आवास परिसर में कटहल, पुरेनिया में नीम का पौधा, मढ़ियाधामनोद में आम का पौधा, लखंगार और रकोली में आम का पौधा, सीहोद में इमली और गुलमोहर का पौधा, ग्राम वन में आम और जामुन का पौधा, ग्राम पौआनाला में नीम का पौधा तथा ग्राम मढ़िपुर में अमरूद सहित अन्य प्रजातियों के पौधे रोपे गए। जिले के अन्य ग्रामों में भी पीएम आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के आवास परिसरों में पौधे लगाए गए। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की जिला इकाई ने ग्राम घोसूआ और करौंदा खुर्द में पौधरोपण किया, जिनमें नींबू, जामफ्ल, आंवला, नीम, पीपल, आम प्रजातियों के पौधे शामिल हैं।

सीएमएचओ कार्यालय में भी हुआ पौधारोपण अंकुर अभियान ''एक पेड़ माँ के नाम'' कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के स्थानीय कार्यालय परिसर में सीएमएचओ डॉ. योगेश तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।

## चौड़ी सड़क न होने से हो रही हैं दुर्घटनाएं

**गंजबासौदा।** शहर से कोई 5 किलोमीटर दूर चौरावर पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कोई 6 साल पहले बनाया गया था इसकी चौड़ाई सिंगल लेन के मान से रखी गई है परंतु इस मार्ग पर वाहनों का इतना दबाव रहता है कि राहगीरों का चलना जोखिम भरा बना रहता है ग्राम चोरावर में कोई दो दर्जन से अधिक क्रेसर खदानें हैं जहां की 1000 से अधिक श्रमिक काम करते हैं।

साथ ही दो महाविद्यालय हैं और नदी बेतवा के किनारे से ईंट बनाने के लिए मिट्टी भी लाई जाती है और सौर ऊर्जा का प्लांट भी है जिससे बड़ी तादाद में में लोगों का आना-जाना बना रहता है महत्वपूर्ण यह भी है कि चौरावर गांव के स्कूली बच्चे और खदानों पर निवास रत श्रमिकों के बच्चे सिटी बासौदा अध्ययन करने आते हैं जो की मार्ग संकीर्ण होने से कई बार उनके वाहन भी साइड की खंतियों में पहुंचकर बचते हैं यह सिलसिला नित्य बना रहता है और घटनाएं होती रहती हैं।

चोरावर गांव में 90त्न निम्न आय वर्ग के लोग निवास करते हैं जो दूध बेचने का धंधा करते हैं जिन्हें दूध बेचने शहर बासौदा जाना पड़ता है और देर रात वापस आना पड़ता है ऐसी परिस्थितियों में सड़क का चौड़ीकरण होना एवं रोशनी होना जीवन के लिए आवश्यक है उचित होगा कि इस मार्ग को चौड़ीकरण के लिए शासन को प्राथमिकता के आधार पर रखना होगा इस मार्ग पर दिन रात यातायात चलता है इसलिए रोशनी की व्यवस्था भी अत्यावश्यक है इस संबंध में स्थानीय जागरूक नागरिकों ने प्रशासन को सौपे एक ज्ञापन में कहा है कि है इस मार्ग को चौड़ीकरण किया जाए।

## महाप्रबंधक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

**जबलपुर।**



बुधवार 10 जुलाई को साप्ताहिक को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर महाप्रबन्धक श्री आर. एस. सक्सेना सहित मुख्यालय के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष और तीनों मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। इस बैठक में मानसून के दौरान संरक्षा, स्टेशन रि-डेवलपमेंट, फ्रेट लोडिंग, कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स), रेल मदद, समय पालन बद्धता जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही सेफ्टी, अधोसरंचनात्मक कार्य, समय पालन बद्धता एवं रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने की बात कही गई।

बैठक की शुरुआत में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने मानसून के दौरान संरक्षा को पहली प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बारिश, तूफान या मौसम की स्थिति में बदलाव के दौरान तैयार रहने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ निगरानी और समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने संवेदनशील रेलखंडों में संबंधित अनुभाग इंजीनियरों द्वारा समीक्षा और निरीक्षण करना और ऐसे सभी स्थानों पर गेटमैन की तैनाती एवं पैट्रोलिंग को सुनिश्चित की जाय। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सुविधाओं के तहत रेल मदद एनालिसिस पर विशेष जोर देने की जरुरत है, तथा माल लदान में वृद्धि लाते हुए, रेलवे राजस्व में बढ़ोत्तरी के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही।

महाप्रबंधक ने इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के कार्य और नई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और सम्बंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिये। श्रीमती बंदोपाध्याय ने विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे मानसून के दौरान सुरक्षा एवं संरक्षा और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए समय से ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित करे।

## जनसुनवाई में हुआ अधिकांश आवेदनों का निराकरण



**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के समक्ष संपन्न जनसुनवाई में 108 आवेदको ने आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से मौके पर 42 आवेदनो का निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री वैद्य ने जनसुनवाई में आवेदको से संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनका निराकरण कराया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी, श्रीमती मोहिनी शर्मा, विनीत तिवारी समेत विभिन्न विभागो के अधिकारियों ने आवेदनों पर कार्यवाही कर निराकरण किया।

## खेती की नई तकनीक का उपयोग करें किसानः कलेक्टर

**सीहोर।**

**सीहोर विकासखंड के ग्राम सांकल, छतरपुरा स्थित श्री राम बीज उत्पादक समिति का कलेक्टर प्रवीण सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्था के गोदाम तथा बीज प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए।**



निरीक्षण दौरान कृषि विभाग के उप संचालक केके पाण्डे सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय किसान उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने बीज तैयार करने के सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बीज प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया ग्रेडिंग, पैकेजिंग तथा भंडारण और विक्रय की व्यवस्था देखी। इस समिति द्वारा लगभग 900 क्विंटल बीज उत्पादन किया जाता है। क्षेत्र के 1000 से अधिक किसानों द्वारा इस बीज उत्पादक समिति से बीज लिया जाता है।

कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थित किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्नत बीज का उपयोग तथा नवीनतम कृषि पद्धतियों का उपयोग करने के लिए कहा। उन्होंने किसानों से कहा की खेती में आ रहे बदलाव के बारे में अपडेट रहना चाहिए और खेती के दौरान कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार खाद, बीज और कीटनाशकों का उपयोग करना चाहिए।

## स्ट्रीट लाइट की अव्यवस्था को लेकर नपा ने दी चेतावनी

**गंजबासौदा।** नगर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था फिलहाल में प्राइवेट एजेंसी को शासन ने संचालित करने की व्यवस्था सौंपी है जिसके तहत नगर पालिका की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एक प्राइवेट कंपनी को दी है प्राइवेट कंपनी ने तमाम स्ट्रीट लाइट में एलईडी के बल्ब लगाकर रोशनी की व्यवस्था की हैलेकिन पिछले देखने में आ रहा है कि स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था अनुकूल नहीं चल पा रही है और सुधार के लिए जो प्रयास किए जाते हैं वह भी नाकाफी हैं पब्लिक द्वारा जो सूचनाएं टोल फ्री नंबर पर दी जाती हैं वह तीन चार दिन में दुरुस्ती के नंबर पर आ पाती है सीधी सी बात है अव्यवस्था फैल रही थी और जिस मकसद से एलईडी की रोशनी से बस्ती को लाभ होना चाहिए था वह नहीं हो पा रहा था इस बात की जानकारी पब्लिक के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष को दी गई उन्होंने इस संदर्भ में सीएमओ को निर्देश दिए कि स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने संबंधित एजेंसी को लिखा जाए और उन्हें ताकीद किया जाए कि यदि व्यवस्था ठीक नहीं होती है तो हम जनहित में सख्त कदम उठाएंगे । नगर पालिका सीएमओ ने संबंधित एजेंसी को पत्र लिखकर ताकीद किया है।

## कलेक्टर ने पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**मंदसौर।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने भगवान पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान में उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि काम उच्च गुणवत्ता के साथ करें द्य निर्माण कार्य में और तीव्रता लाए। तीव्र गति से कार्य करें । निर्माण कार्य के दौरान सुंदर लाइट, आकर्षक रंग-रोगन का विशेष तौर पर ध्यान रखें। मूर्तियां के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष तौर पर ध्यान रखें। पानी की निकासी के लिए अच्छी योजना बनाएं। सम्पूर्ण परिसर बहुत अच्छे से बने, इसके लिए अन्य मंदिरों के प्लान का भी अवलोकन करें।

**स्पेशल खबर** भाजपा की जिला बैठक में आगामी कार्य मों की बनाई रूपरेखा

# विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम:जिलाध्यक्ष

**शाजापुर।**

**भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक बुधवार को जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। इस दौरान पार्टी नेताओं ने दीप प्रज्जवलित कर एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ बैठक का शुभारंभ किया।**



बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में मिली जीत सामूहिकता के साथ पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा किए गए परिश्रम का नतीजा है। बूथ के कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर ही बूथों पर हमने जीत हासिल की। अन्य वर्गो के साथ अजा और अजजा वर्ग में भी भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है। आने वाले समय में हमें उन क्षेत्रों में अपना वोट शेयर बढ़ाने के प्रयास करना है, जहां अभी हमें कम वोट मिले हैं। जिलाध्यक्ष नायक ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि जिला बैठक के बाद प्रत्येक मंडल में मंडल बैठक होना है। आगामी दिन में शक्ति केंद्र सम्मेलन आयोजित कर बूथ का नेतृत्व करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करना है। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर मठ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों का सम्मान एवं प्रतिमा स्थलों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम किया जाएगा। वहीं 28 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण कार्यक्रम मन बात को प्रत्येक बूथ पर सुनना है। 23 जून से प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान को 4 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ सांसद द्वारा मतदाता अभिनंदन यात्रा निकाली जाएगी और देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती एवं रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में मातृ शक्ति के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। भाजपा ने प्रदेश के सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों में विजय हासिल की है। सफलता प्राप्त करने के साथ उस सफलता को बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। इसलिए आप सभी कार्यकर्ता इसी तरह कार्य करते रहें और आगामी चुनावों में भी पार्टी की इस सफलता को बनाए रखें। बैठक में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन दिनेश शर्मा ने किया तथा आभार संतोष बराड़ा ने माना। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष उपस्थित थे।